टेक्नालाजी की जो हमारी उपलब्धि हुई है, वह जगहों को जा कर देखने से पता चलती है। जो हमारी आर्डिनेंन्स की फैक्ट्रीज हैं या जो कुछ भी हमारे देश के लोग बिना कोलेबोरेशन के बना रहे हैं उसको जा कर मुझे देखने का मौका मिला है। जहां विजयन्त टैंक हम बना रहे हैं वहां और एक नया एम० बी० टी० टैंक बनाने जा रहे हैं उसको देख कर हमारा सिर ऊंचा होता है। उसी तरह अभी कलकत्ता में अंडर-ग्राउंड रेलवे बन रही है, जब तक वहां जा कर मैंने देखा नहीं था मेरा ख्याल था और मुझे भी लगता था कि यह सब ऊपर की सड़क खोदी गई हैं लेकिन हकीकत में हमारे इंजीनियर्स इतनी ऊंचाई तक पहुंचे हैं। वहां जा कर मैंने देखा तो मुझे यही लगा कि जो न्यूयार्क, लन्दन या फ्रांस या कहीं भी जो अंडरग्राउंड रेलवेज हैं उनसे हमारी उपलब्धि कम नहीं है और यह सारा हमारे टेक्नीशियन्स ने, इंजीनियर्स ने बनाया है। यह 35-37 साल में जो भी है यह क्या हमारी उपलब्धि नहीं है।

औद्योगिक विकास दर 83-84 में 4-5 प्रतिशत होने की आशा है। राष्ट्रीय उत्पादन की विकास दर लगभग 6 से 7 प्रतिशत होने की आशा है जब कि 82-83 में यह 1.8 प्रतिशत थी। 1983-84 में तेल को छोड़ कर निर्यात में 82-83 की तुलना में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और आयातों का मूल्य तेल निर्यात छोड़ कर 2.5 प्रतिशत गिरा यह सारी उपलब्धियां क्या यह नहीं बताती हैं कि हमारी जो पंचवर्षीय योजना थी--बीच के तीन साल के दौरान को छोड़ कर--यह उनकी सफलता का द्योतक है।

हमारे जो टेक्सटाइल्ज हैं, हमारे जो इंजीनियरिंग टूल्स हैं, जो हम बाहर भेज रहे हैं, उनकी जो क्वालिटी है, वह जब भी आप बाहर जाएं, आपका सिर ऊंचा हो जाता है जब आप हर जगह उनकी प्रशंसा सुनते हैं। यह क्या हमारी उपलब्धि नहीं है ?

जिस देश में 35 साल पहले एक सूई नहीं बनती थी, जहां सड़के नहीं थीं, स्कूल शिक्षा के लिए नहीं थे। किसी प्रकार की प्रगति नहीं थी, आज 37 साल के अन्दर हम डेवेलपिंग कण्ट्रीज में एक विशेष स्थान पा गये हैं। यह हमारी उपलब्धि है और इसका हमें गर्व है। कितना भी दूसरे लोग कहें कि हमारी कोई उपलब्धि नहीं है--तो आज गांव की जो जनता है, वह इसको मानने के लिए बिलकुल तैयार नहीं हैं - मैं भी गांव में जाती हूं अभी दस पंद्रह दिन पहले गांव में हो कर आई हूं। वहां हमारे जो 20-सूत्री कार्यक्रम हैं उनकी जो सफलता हुई है, वह सफलता देख कर वहां के लोगों में नई जान आई है। हरिजनों के घर बनाये गये हैं और भी बहुत सारे कार्यक्रम लिए गए हैं। पेय जल के लिए जो कुछ भी राशि उपलब्धि हुई है, वह सारी वहां पर काम किये गये हैं।

तो इसलिए आज जो जनता है, उसको खाली भाषणों से आप गुमराह नहीं कर सकते हैं। आप यह नहीं कह सकते हैं कि कुछ भी नहीं हुआ है, किन्तु एक तरफ जहां यह सारे काम हो रहे हैं, इसको देख कर हमारे बाहर के लोगों में, हमारे देश के विरोधी दल जो हैं, उनके अन्दर जलन है और उसके लिए जिस पंजाब--मुझे याद है कि 1947 में जब बंटवारा हुआ था, तब पंजाब की क्या हालत थी--आज पंजाब की औसतन आमदन इस देश में सब से ज्यादा हो गई है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हर चीज को रेल की लाईन पर चलाना कठिन है, लेकिन गाड़ी को रेल से उतार देना तो मिनटों का का काम है।

श्रीमती प्रतिभा सिंह]

हमसे पहले एक माननीय सदस्य ने कहा कि अकालियों का जो कुछ भी हो रहा है, उसकी सारी जिम्मेदारी सरकार पर है। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि क्या यह बात नहीं है कि अकालियों ने शुरू से कोशिश की कि इस देश में जो सीमांत प्रदेश हैं, उसमें खतरे की गुंजाइश रखी जाए। फल भी एक माननीय सदस्य ने कहा कि वहां भाषा की बात शुरू हुई --यह 1970 से बहुत पहले की बात है। उसके बाद कोई और, फिर और, ऐसे एक न एक उनकी मांग चलती ही रही --धर्म के नाम पर, कभी कोई-कोई गांव के नाम पर, किसी स्थान के नाम पर, कोई न कोई फ़रियाद लेकर, कोई न कोई झमेला लेकर वह खड़ी करते ही रहना, उनका काम है।

सब से बुरी बात जो उन्होंने अभी दो दिन पहले की है, बर्निंग आफ दी कंस्टीट्यूशन--जो उन्होंने संविधान को जलाया है, यह क्या राष्ट्र के प्रति अपमान की बात नहीं है? कंस्टीट्यूशन को बदलने के बहुत से तरीके हैं। यह तो आपने जो पीपुल्ज का जो सावरेनटी का राइट है, उसको खत्म किया है, उसको चेलेंज किया है।

इस तरह के अनादर का जो काम है, इसको यह राष्ट्र कभी भी नहीं भूलेगा और न क्षमा करेगा। प्रकाश सिंह बादल जो पंजाब के मुख्य मंत्री रह चुके हैं, वह आकर बंगला साहब के सामने कंस्टीट्यूशन को जलायें, यह कोई बात हुई? उनके जैसा जिम्मेवार आदमी, जो सेंट्रल के बेनेट में जो लोग रह चुके हैं बरनाला वगैरह, वह चण्डीगढ़ में संविधान को जलायें।

श्री शान्ति त्यागी (उत्तर प्रदेश) : उन्होंने कंस्टीट्यूशन की शपथ भी ली थी।

श्रीमती प्रतिभा सिंह : यह इतने जिम्मेदार लोग हैं--ऐसा किसलिए कि उन्हें कुर्सी मिले। किस लिए कि यह राष्ट्र जो प्रगति के पथ पर चल रहा है, उसमें रुकावट आए, उसके कदम धीमे हो जाएं। ... (व्यवधान)

मल्लिक जी, आपकी बात का जवाब मैं दूंगी, अभी पांच मिनट रुक जाइयेगा। भिंडरवाला और लोंगोवाल के विचारों में कोई सांम्यता नहीं है, लेकिन जहां पर डेस्ट्रक्टिव फोर्सेज को युनाइट होने की जरूरत होती है, तो वहां सब एक साथ मिल जाते हैं।

वरना लोंगोवाल के विचार अलग हैं, भिंडरवाला के विचार अलग हैं, उनके लोग अलग हैं, उनके लोग हैं लेकिन जब स्वार्थ की बात आती है तब सब इकट्ठे हो जाते हैं।

माननीय सदस्य ने कहा है कि कानक्लेव से रुलिंग पार्टी चिढ़ती है। बिलकुल नहीं चिढ़ती है क्योंकि रुलिंग पार्टी काम करती है। इनकी विरोधी दल का हाल यह है कि जंगल में आग लगी तो सांप भी थे, शेर भी थे, गीदड़ भी थे, सब एक साथ एक पेड़ के नीचे बैठ गए, जब आग खत्म हुई तो शेर और गीदड़ की लड़ाई हुई, सांप और नेवले की लड़ाई हुई, सब एक-दूसरे को खा गये। आप के कानक्लेव की वही दशा होगी। हमारी माननीय नेता इन्दिरा गांधी की जो क्षमता है उसको देखकर आपके अन्दर भय है कि आप कभी भी इस देश के शासन में वापस नहीं आ सकेंगे, इस लिए आप सब कानक्लेव बना रहे हैं, बड़े बड़े शहरों में घूमते-फिरते हैं डेस्ट्रक्टिव विचारधारा को रख कर कि किसी तरह इस देश की नीति को बिगाड़ा जाय, किसी तरह इस देश की उपलब्धियों को कम किया जाय, किसी तरह यह देश कमजोर हो और पाकिस्तान और अमरीका

देश के ऊपर खतरा पैदा कर सकें। क्यों अमरीक पाकिस्तान को इतने हथियार दे रहा है ? क्यों इतनी मिसाइल दे रहा है ?

आपने कहा कि जनता पार्टी का जब शासन था तो आपने इन सब से समझौता किया था। क्या समझौता किया था। उस समय भी हम हाउस में थे, कोई समझौता आपका नहीं था। आपकी कमजोरियां थी आपकी जी हजूरी थी। आपके अन्दर हमारे प्रधान मंत्री की तरह वह ताकत नहीं थी जो बंगला देश की लड़ाई के समय प्रेशर टेक्टिक्स के सामने नही झुकी, निकसन ने दबाना चाहा तो हमारी प्रधान मंत्री नहीं दबीं और हमने देखा कि हमारा देश कितना मजबूत है, उनका सातवां बेड़ा भी हमें नहीं डरा सका।

यह जो सारा अराजकता, हिंसा का वातावरण फैला है यह कुछ अमेरिकी ग्रुप का पैदा किया हुआ है जो सेशेनिस्ट्स को उकसा रहे हैं।

श्री अब्दुल रहमान शेख : भिंडरवाला कांग्रेस की पैदावार नहीं है ?

†[شری عبدالرحمن شیخ : بھنڈراوالا کانگریس کی پیداوار نہیں ہے -]

श्रीमती प्रतिभा सिंह : जी नहीं, बिलकुल नहीं।

श्री अब्दुल रहमान शेख : फिर आप को इल्म नहीं है।

†[شری عبدالرحمن شیخ : پھر آپ کو علم نہیں ہے -]

†[ ] Transliteration in Arabic script.

1764—9.

श्रीमती प्रतिभा सिंह : अन्दर ही अन्दर वह आप लोगों से राय लेते थे। (**व्यवधान**) इसलिए मैं आप लोगों से विनम्र निवेदन करूंगी कि हिन्दू और सिखों के बीच जो हिंसा का वातावरण पैदा किया जा रहा है उसको न पैदा करें क्योंकि इन्हीं सारी बातों के परिणामस्वरूप विभाजन हुआ इस देश का, इसलिए फिर से उस तरह के बीजारोपन न करें इस देश में।

जो लोग यह सोचते हैं--वह चाहे किसी दल के हों चाहे कानक्लेव के हों--कि वह इस देश को मर्डर और वायलेंस से दबा पायेंगे, वह इसकी प्रगति को रोक पायेंगे तो वह गलती में हैं। वह न इस देश की प्रगति को रोक पायेंगे न दबा पायेंगे।

आखिर कांस्टीट्यूशन के आर्टिकिल 25 में है क्या ? कौन सी ऐसी बात है जिसके कारण इतनी हिंसा हुई और संविधान का इस तरह से अपमान किया गया। वह मैं पढ़ती हूं :

> "खण्ड (2) के उपखण्ड (ख) में हिन्दुओं के प्रति निर्देश में सिक्ख, जैन या बौद्ध धर्म के मानने वाले व्यक्तियों का भी निर्देश अन्तर्गत है तथा हिन्दू धर्म संस्थाओं के प्रति निर्देश का अर्थ भी तदनुकूल ही किया जायेगा।"

इतनी ही बात तो कही गई है। इस में कौन सी बुराई की बात कही गयी है। गुरु नानक ने क्या कहा, उनके गुरुग्रन्थ साहब में क्या लिखा है। गुरु गोविन्द सिंह ने ग्रन्थ साहब में क्या कहा है। उनकी दुर्गा-स्तुति आप लोगों ने पढ़ी है। उन की हाथ से लिखी मेनुस्क्रिप्ट मैंने देखी है। एक सरदार जी लखनऊ में लाए थे, मैंने खुद देखी है वह दुर्गा स्तुति। इस कांस्टीट्यूशन को जलाने के

[श्रीमती प्रतिभा सिंह]

पहले क्या आप अपने घर को आग लगा सकते हैं ? आप गुरु गोविन्द सिंह के नाम पर, गुरु नानक के नाम पर, गुरु तेग बहादुर के नाम पर यह सब कुछ कर रहे हो जिन्होंने इस धर्म की उत्पत्ति तब की जब उन्होंने देखा कि इस देश में खतरा है तो हिन्दुओं को बचाने के लिए उन्होंने कहा कि हम देश को नहीं काटेंगे, हम कृपाण रखेंगे । हम एक संतुलित जीवन व्यतीत करेंगे और इस तरह से उस धर्म की उत्पत्ति हुई और इसीलिए उसमें देवी देवताओं की सुन्दर से सुन्दर स्तुतियां है। उस में चंडीपाठ है और आज यह हो गया कि यह दो शब्द एक साथ लिख दिये गये हैं एक आर्टिकल में इस लिये हम संविधान को ही जला डालेंगे। क्या कहेंगे लोग ? दूसरे देशों के लोग क्या कहेंगे ? क्या आप ने कभी इस बात को सोचा है। क्या अकालियों ने कभी सोचा है कि हमारे बिहार के एक सुदूर गांव में नेपाल की तराई में एक सिख बर्फ बनाता है और वहां वह 20 साल से रह रहा है जहां कि चारों तरफ सिख रहते हैं। जब यह भावना वहां पहुंचेगी कि ऐसे-ऐसे हिंदू मारे जा रहे हैं तो उस सिख भाई की रक्षा क्या वहां जा कर अकाली भाई करेंगे ? इस तरह की बातें क्यों हो रहीं हैं सारे देश में। हमें सिख भाइयों पर गर्व था। जब कभी देश पर मुसीबत आयी, जब कभी धर्म पर मुसीबत आयी हमारी रक्षा सिख भाइयों ने की है और आज उन्हीं सिख भाइयों का हिंदुओं से अलगाव किया जा रहा है । आज चन्द अकाली धार्मिक स्थानों में बैठ कर अपने पास हथियार जमा कर के अपना अलग झंडा उठाते हैं, अपना अलग संविधान बनाते हैं और अपनी अलग अलगाव की नीति चलाते हैं। वह आपस में द्वेष और द्रोह की नीति फैलाते हैं। क्या इन थोड़े से मुट्ठी भर लोगों के लिए सब कुछ किया जायेगा ? आप देखें कि अकालियों ने क्या किया है। मुझे तो कल बहुत खुशी हुई कि जब यहां विरोधी दल के चन्द भाइयों ने भी कहा कि यह गलत बात हुई है । आपको भी यही कहना चाहिए था। भाषा को लेकर और दूसरी बातों को ले कर यह लोग कोई न कोई झमेला देश में फैलाते रहे हैं। जब पाकिस्तान में एफ-16 आ रहे हैं और अमरीका से दूसरे मिसाइल आ रहे हैं उस समय हमको तो मिल कर रहना चाहिए। मैं 1953 से 57 या 58 तक पंजाब में रही हूं। पार्टिशन के बाद बहुत से हिंदू और सिख पाकिस्तान से भाग कर आये थे और उन दोनों ने बहुत बहुत तकलीफें सही थीं। दोनों के घर जलाये गये थे, दोनों की मां बहिनों की बेइज्जती हुई थी। क्या आज वही परिस्थिति हम फिर पैदा करना चाहते हैं इसलिये कि उन कुछ लोगों को कुर्सी मिल सके । फिर हम "किस्सा कुर्सी का" वाली बात पैदा करना चाहते हैं। पूजा के स्थलों का इस्तेमाल अपराधियों द्वारा चाहे वह गुरु ग्रन्थ साहब के मानने वाले हों या दुर्गा शप्तशती का पाठ करने वाले हों, नहीं किया जाना चाहिए । पूजा स्थलों में हम जा कर अपना दुख बताते हैं, अपनी बीमारी बताते हैं, जिन के पास अन्न नहीं है उन भूखों को हम वहां जा कर खाना खिलाते हैं । पूजा के स्थल इसलिये नहीं होते कि वहां जा कर हथियार रखे जायें और वहा से हिंसा का प्रचार किया जायें और लोगों पर गोलियां चलायी जाये। एक साधारण आदमी वहां पूजा करने जाता है और वह वापस अपनी बीवी बच्चों के पास नहीं पहुंच पाता। आज यह स्थिति हम ने पैदा कर दी है। ऐसी कल्पना उन लोगों को है। क्या है ? आज सभी को राष्ट्र के हित की बात सोचनी चाहिए। बंगला देश की लड़ाई के समय बाजपेयी

जी ने यहां एक भाषण दिया था और वह दिन मुझे याद है। आज भी देश पर वैसे ही संकट काल का समय है। जो हमारा आगे बढ़ा हुआ प्रदेश था आज वहां खतरे की घंटी बजी है। मैं तो आडवाणी जी से और अपने विरोधी दल के दूसरे नेताओं से निवेदन करूंगी कि पार्टी लाइन से ऊपर उठो क्योंकि अगर कुछ होता है तो औरतों को ही सब से ज्यादा सहना पड़ता है। उनके पति मरते हैं या उनका बेटा मरता है तो हमको ही सहना पड़ता है और लड़ाई होने पर तो हम को सब से ज्यादा सहना पड़ता है। हमारी बेइज्जती होती है तो वह भी हम को ही सहनी पड़ती है। हिंसा सब मिलकर रोकें। लाश पर कुर्सी के लिए खेल ठीक नहीं है।

देश की एकता और अखण्डता को बिगाड़ने के लिए कान्क्लैव की रचना क्यों की गई है? जम्मू काश्मीर में आपने क्या किया है, पंजाब और हरियाणा में जाकर क्या कर रहे हैं? सैंटर स्टेट रिलेशंस को बिगाड़ने के लिए क्या हो रहा है? इसलिए न कि आज जो डेवलपिंग कंट्रीज हैं उनमें भारत का एक विशिष्ट स्थान हो गया है और धीरे-धीरे हम इस संसार में अपना एक पूर्ण स्थान प्राप्त करने की चेष्टा में हैं।

महोदय, नई दिल्ली में गुट निरपेक्ष देशों का सातवां सम्मेलन क्या महत्वपूर्ण नहीं हुआ? प्रधान मंत्री का रोल शांति और निरस्त्रीकरण तथा आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में क्या महत्वपूर्ण नहीं रहा? अगर कलेजे पर हाथ रखकर कहें तो अपोजिशन के लोग भी बाहर यही कहेंगे कि सचमुच में ऐसा नेता किसी देश में नहीं है। न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अवसर पर अनौपचारिक रूप से शिखर स्तर पर विचार-विमर्श किया गया, वहां पर हिन्दुस्तान का जो रोल रहा क्या वह आप सब से छिपा हुआ है? नवम्बर में राष्ट्रमंडल देशों के शासनाध्यक्षों की जो मीटिंग हुई और मेजबानी की भारत ने, जिसमें अधौगिक विकासशील देशों के साथ हर पहलू पर प्रधान मंत्री ने बातचीत की और समस्याओं के समाधान पर सोच-विचार किया, क्या वह कम महत्व की बात है? अमरीका और फ्रांस में भारत उत्सव की बातें हो रही हैं? एशियाड करके हमने जो गौरव प्राप्त किया खेलकूद को प्रोत्साहन देकर, ये सारी चीजें क्या कम महत्व की हैं? लेकिन इनमें रुकावट और रोड़ा डालना ही विरोधी दल का जन्म सिद्ध अधिकार हो गया है। (**समय की घंटी**)

आखीर में, मैं एक बात और कह देना चाहती हूं कि 20 सूत्री कार्यक्रम की सफलता के लिए नीचे से बी० डी० ओ० लेवल से टाप लैवल तक इंसेंटिव दिये जायें, इसके लिए मैं सरकार से विनम्रता पूर्वक निवेदन करना चाहती हूं। कल जैसे बजट में कहा गया कि जो भी प्रदेश अपनी आर्थिक स्थिति को संतुलन में डालकर उसे ज्यादा सुदृढ़ बनाने की चेष्टा करेंगे तो उन्हें विशेष सुविधायें दी जाएंगी। ऐसे ही हमारे जो आफिसर चाहे वह बी० डी० ओ० हों या कलैक्टर, जो भी अपने-अपने क्षेत्र में और जिले में और गांव में 20 सूत्री कार्यक्रम को अधिक सफल बनाते हैं तो उनको कुछ इंसेंटिव दिया जाए या उनको प्रमोशन दिया जायेगा, इस तरह की कोई न कोई सुविधा या फायदा उनको पहुंचाया जाए।

इन्हीं शब्दों के साथ में इस भाषण और धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करती हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI R. RAMAKRISHNAN): Before I call Mr. M. Kalyanasundaram to speak, I have to tell the hon. Members that I have got a list of 29 names before me who want to speak. Even if each Member takes 10 minutes, it will take 4-5 hours. In the interest of concluding the debate today, as announced by the Deputy Chairman, I would request you to be as brief as possible so that all of you can have a chance to speak.

SHRI M. KALYANASUNDARAM (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, you thought it necessary to issue this warning just when I rise to speak. On behalf of my party, I want to make some comments on the President's Address. Although it is read out by the President ceremoniously, it is a document explaining the policy of the Government presided over by the Prime Minister. My party's attitude to the policies of the Government is that we will fight for whatever is wrong and lend support to whatever is correct. So, there are two aspects in this Address. One deals with the international situation and the other with the national situation. In the national situation also, the economic policies are different from the policies to deal with the destablising forces inside the country. To criticise about the economic policies, we will get ample time at the time of the debate on the Budget. The struggle and the criticism of my Party on the economic policies of the Government is because they preach one thing and they practise a different thing. In their speeches they say about socialism but actually the economic policies are directed to strengthen the monopoly capital, not only monopoly capital but even the multinationals. Even the Acts like FERA and MRTP are put in the cold storage with the result the economic situation is deteriorating in spite of the fact that there is growth in sicence and technology, there is also growth in agricultural production. I do not want to dispute the facts about the so-called recovery of the economy and the growth in the agricultural production. But I want to draw the attention of the Finance Minister and the Prime Minister to what reaction it create among the man in the street, worker in a factory, and an employee in the office. Do they believe this propaganda when they listen to the radio or the television or read the paper about the marvellous or impressive recovery of economy? He wonders why the prices should go up like this, and why should be agitate for more dearness allowance. That is the reaction of an office employee. A housewise who goes to a grocer is feeling that with all this propaganda why is the price of the edible oil shooting up. The prices are shooting up. So, all your claims of marvellous recovery do not make any sense to the commonman in the street. So, I leave it at that.

Sir, about the forces of destablisation, the President's Address fails to note the link between the forces of destabilisation inside our country and the same forces which create a threat to our external security. The Government cannot bifurcate these two. Whether it is Hindu communalism or Muslim communication or Sikh communalism, whether it is a Kashmir Liberation Front or a Khalistan, the source of all this trouble is one, and that is imperialism. There should be no vacillation or hesitation in identifying our real enemies. So, noting from that, I have some serious criticism in the analysis of the international situation, and even about the security of our country, though I agree with the statement that the international situation is becoming very serious. The Geneva talks have failed. And there is a very serious situation verging towards a nuclear war. But, why the Address should fail to note as to who is responsible for this failure. It is as if the Soviet Union and America are responsible for the failure of the talks. That is the impression one will gain by going through the Address. That may not be the real policy of the Government. But why do you want to hide? Are you so weak as to tell the truth to the world? No. We are strong enough. And there are forces even inside the country who wish that our foreign po-

licy should fail. But they will be disappointed. Our foreign policy is on very sound lines on a very strong foundation. India is strong enough to project that foreign policy vecause the whole world which stands for peace and progress and friendship of all the people is with us. So, it is not that easy to make the foreign policy fail. We have seen how the policy of genuine non-alignment and equi-distance between the two super powers failed within two and a half years. Again that voice need not be raised in this country and at least in this House. It is the voice of imperialism, that is what I want to warn those who are speaking in that vein.

Now, coming to the seriousness of the situation, it cannot be exaggerated. The Soviet Union takes a very firm and flexible position to preserve peace. But for its strength and might, the whole world would have been at the feet of America by this time. So, it is the policy of peace and its might that has saved the humanity from this danger. But the danger is not yet over. The American imperialism has become more frustrated and they are threatening the whole globe from Central America to the Pacific in the east. We should see the threat to our country in this global threat which is posed to us by the imperialists. What is happening in Central America and what is happening in the West Asia and what is happening in the Indian Ocean and what is happening in the Pacific should warn us sufficiently. In the Pacific, Japan, South Korea and the U.S. are making a combination. In the West Asia, Israel and the U.S. imperialism are combining or colluding against the Arab countries and the freedom movement struggles in the African countries. In Central America they are destablishing the progressive Governments of those countries. Coming nearer to us, I need not say what the Prime Minister herself has said and expressed concern over the way in which our neighbour Pakistan is being armed by the U.S. imperialists, including the supply of nuclear weapons. Who can blame our policy? Does India pose any threat to its neighbours? I ask everybody to give me an honest answer to this question. Is the Government of India, led by Shrimati Indira Gandhi, posing a threat to Bangladesh, Pakistan or Sri Lanka? Can anybody say honestly, yes. No. One the contrary every effort is being made to normalise relations with Pakistan and Bangladesh and Sri Lanka, even with China. That work must continue, whatever may be the difficulties. The effort to normalise relations with our neighbours must continue. But, at the same time, we cannot be indifferent, we cannot ignore the imperialists who want to prevent it and sabotage it. Why don't those who plead for a proper foreign policy see these imperialists who are trying to destabilise the South Asian region as a whole? That is why they are becoming so close to Pakistan, not to the people of Pakistan. The people of Pakistan are different. I do not say that the people of Pakistan are supporting the military dictatorial activities. They are different. At the same time, let us examine the other new danger that is coming up in the south. Already the denger of Diego Garcia and the naval bases in the Indian Ocean is well known. In the Non-Aligned Conference which took place in March last, this danger was noted and the U.N. Assembly has also passed a Resolution to hold a conference on preserving the Indian Ocean as a Zone of Peace. What happened to this Resolution? It should have been hold in Colombo. So, both Colombo and Washington are colluding to postpone the conference as far as possible, if not sabotage it altogether. Till three years they had only 13 bases in the Indian Ocean. Now they have got 30 bases in the Indian Ocean, in all corners of the Indian Ocean.

Added to this, Sri Lanka is now

3 P.M. being sought to be made a base for the imperialists in every sense of the word, economic and military. The so-called ethnic riots that took place last year in July gave an

[Shri M. Kalyanasundaram]

opportunity to Jayewardene Government to invite the imperialists directly to their soil. As a matter of fact, the so-called ethnic riot is not really ethnic riot between Sinhalese and Tamil population there; it is a riot engineered by Jayewardene Government. I have always made this point in the House several times in the past when we discussed Sri Lanka issue. Mr. Jayewardene himself deliberately engineered those riots to hide the real truth to Sinhalese masses. He wanted to invite imperialists to come and stay in that island immediately after the so-called ethnic riots. While he responded to the good offices of our Goverment, it was a tactical move. Nd settlement is in sight now even though six months have passed. Is it not a tactical way? He is only utilising the time gained, for inviting delegation after delegation from America to negotiate arms deal, and to negotiate deals for giving bases in the island. Trincomalee is already going to be used as a base for imperialist forces in Diego Garcia. That is my understanding. After that, their Defence Secretary, Wen Berger visited Sri Lanka for a short duration. Next to that, a personal envoy of Mr. Reagan visited that country. Another delegation led by the Chairman of the Committee which deals with arms supply also visited. Thus, within a span of 4 months, three delegations visited Columbo. What for? Columbo is such a small country; its defence expenditure was 1.1 billion Sri Lankan rupees two years ago; for the year 1984, their defence budget is 2.3 billion. Added to that, recommendations have gone to U.S. Congress to liberally assist financially for the defence of Sri Lanka. Who threatens the defence of Sri Lanka? Does this Government threaten the independence and security of Sri Lanka? No. Where is the threat? Similarly for Pakistan, who threatens its independence and security? Their own foreign policy will ruin their independence. This is what the Government of those countries must realise. But the Governments there will not realise it; the people will realise and revolt as is happening in Bangladesh and also in Pakistan. The people of those countries will give a reply even to those who feel that our foreign policy is responsible for the difficulties in this region. This is what is happening in Sri Lanka and the Indian Ocean. Americans are trying to convert the Indian Ocean into their lake for naval exercises, for deploying rapid deployment forces, for keeping nuclear arms and weapons. This is more serious a danger to our country, and all of us who believe in the independence of our country, who believe in the progress of our people, should speak unitedly against this danger. That is of paramount importance. They cannot bargain on this issue. Threat to our country is not an issue on which any compromise or bargaining can take place. While we emphasise upon this danger, this danger is secretly and stealthily—penetrating into our country by policital forces and communal forces. No political force is also free from this because the CIA activities are growing and mounting under so many camouflages. The latest camouflage is the Peace Corps of the U.S.A. They have shifted their base to Colombo now. Colombo has become the Centre for these forces. From there and from other neighbouring countries, these forces are trying to induce, incite and help them financially materially and politically. Not satisfied with this, the West Germans have also installed a powerful transmitter in Colombo, for broadcast to the Asian countries. Negotiations are also going on with the Voice of America for the installation of very powerful transmitter in Colombo, for the purpose of ideological propaganda and subversion throughout Asia. Such times are happening around our country. Should we not be vigilant? I ask the rulingparty. I ask the Prime Minister. Do you feel confident that when your party is like this, you can implement these national policies and defend this country?

Examine your own party before you accuse the Opposition parties (*Interruption*) There are many people who are clinging to you, not believing in your policies. They will shift anywhere provided loaves of office or some benefit is given to them. What is happening inside your own party, in several States? I am not against your party blindly. My policy is not to blindly oppose the Congress (I) but to oppose what should be opposed. Your party is like this. Still, I feel, you are going to celebrate the centenary of the Indian National Congress. Even though many chips might have broken away and left the Indian Nationl Congress, your party is still recognised as the original Indian National Congress, which was built by Gandhiji and Nehru. If these people come back to life, what will they think when they see what is happening in several States, in your party?

SHRI R. MOHANARANGAM (Tamil Nadu): They will not come.

SHRI M. KALYANASUNDARAM: For a political party, elections are not just instruments to get majority in Parliament, by hook or by crook, they are meant for implementing certain national policies. In the Constitution, you proclaim about secularism, democracy and Socialism. In the name of democracy, hypocrisy is prevailing. In the name of socialism, capitalism is there and the rich are becoming richer, while the poor are being hit below their belt.

The Budget which has been presented yesterday is a clever Budget. I listened to the speech which was made by my friend, Mr. Mukherjee yesterday. I should certainly congratulate him for the humour and wit which he brought into the dull Budget speech. Generally, the Budget speech will be boring. It will be very difficult to hear. But yesterday, everybody enjoyed it. I also enjoyed it. Not that I agreed with your formulations.

SHRI R. MOHANARANGAM: That is the reason for the successful Budget.

SHRI M. KALYANASUNDARAM: You have avoided a very serious embarrassment to the ruling party when going to the elections. This will help you get funds for the elections and also gather more votes. But this will not solve any of your problems, will not add to your prestige. And you may still believe that you are implementing national policies. That is why, I said, it is hypocrisy. Democracy does not mean rule by majority alone. Certain policies have to be enunciated and implemented. How to fight poverty? How to fight unemployment? For a citizen, right to vote is not as much important as the right to live. You do not protect the right to live, but you give the right to vote.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI R. RAMAKRISHNAN): You have given a new definition to democracy.

SHRI M. KALYANASUNDARAM: Certainly, the right to vote should be there. But the right to live is more fundamental than the right to vote. Even this right is exercised, purchased, by so many methods, by black money, by whipping up communal passions and so on. When you do so, even this right is distorted. This is what is happening. This is more dangerous than the threat from the Indian Ocean and from Pakistan. We should rise above these petty politics and stand together. What are the steps taken by the ruling pary, as the major party? Should we not take steps to mobilise the people and get their support? Instead of this, you are actually attacking the Opposition in season and out of season. For all the failures of the ruling party the opposition is responsible. I do not say that all of us are united. We have different views. It depends on the class approach. What is the class on which we are going to base ourselves. the working people and the peasantry and the middle-class, and the policy makers must bear this in mind, how long are the people going to wait? It is this which gives the powder for the communal forces and separatist forces to turn the masses against the policy itself, even against the accepted natio-

[Shri M. Kalyanasundaram]

nal policy, and demands like Khalistan and other separatist demands are coming up in the country. To unite the masses you must have a progressive economic policy. I was surprised when the Prime Minister said, my foreign policy is very progressive they say while attacking us but they say that our internal policy is retrograde. Well, Madam, if you do not change the internal policy in a progressive direction, your foreign policy will also be in danger. That is the lesson we should learn from what happened in Chile and in other countries where progressive governments were thrown out by the imperialists. Do not think that there is no link between the two policies. What Lenin taught must be properly understood. I need not learn from Congressmen what Lenin taught to us. I have my own method of learning Leninism. (*Interuptions*). They will not listen to us also. I do not want anybody to learn from us. (*Interruptions*). Let us have proper dialogue, discuss with us, understand what we say before criticising, before attacking us try to understand what we say. Do not expect us to blindly follow what all you do in the interest of the peace, in the interest of the country and in the interest of close friendship with the Soviet Union. Of course, close friendship with the Soviet Union is very vital not only for the Communist party, but they are building up close relationship with you, even with the Congress Party. The General Secretary of the Congress Party, when he went there, was given such a high reception. See how sincere they are in building up the friendship between the two peoples and the two countries. For our country also the close friendship and help is necessary. But for that where will you be able to even project your budget as you read yesterday? Could your balance of payment come down so effectively but for the help given by them by supplying oil to ONGC? So, friendship with the Soviet Union is very vital for our economic growth and also for our defence. For the defence they have helped us immensely. But I do not say that we should always depend only on them. We should have to depend on our own forces, on our won scientists who are capable of giving us the strength necessary to defend our country. The Soviet Union is also helping us to strengthen our defence. I thank the Soviet Union from the floor of this House for all the help they are rendering, and whatever may be the views of the ruling party or the opposition parties, the Soviet Union must go on rendering us the same assistance. I am sure they will go on pursuing this policy of close friendship with India.

Now before I conclude, I want to pay a word of tribute to our armed forces from this House. At this moment of crisis our armed forces should not be influenced by what is happening either in Kashmir or in Pakistan or in Punjab. They must rise above communal and regional feelings. The whole nation is behind our armed forces and trust them to defend our country whenever there is danger. There are black sheep also inside the armed forces who give information to the enemy, as we saw sometime ago. About that also our Government must be vigilant. Our armed forces must be strengthened both politically and also in their living. The Budget has made certain proposals for increasing defence expenditure. Nobody in this House will grudge that. But you use it properly to strengthen the defence of the country so that we can march forward. I can assure you, whatever may be the failures of the ruling party, whatever may be the manoeuvres of imperialists inside the country, we have withstood all those things in the ninety years of freedom struggle and we will be able to stand against it and we will march ahead in the comity of world nations with our head aright, thanks to the friendship and cooperation between India and the Soviet Union and the non-aligned policy which we are pursuing.

Thank you.

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र) : श्रीमन्, राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव पर बोलने और उसका समर्थन करने के लिए मैं खड़ी हुई हूं। संसद् का जो बजट अधिवेशन हो रहा है यह देश की अत्यन्त गम्भीर परिस्थितियों में हो रहा है। संसद् के इतिहास में पहली बार ही ऐसी विषम आन्तरिक परिस्थितियों में...

SHRI KALYAN ROY (West Bengal): I hope Mr. Salve is taking detailed notes of the speech.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI R. RAMAKRISHNAN): He is keenly following it.

MISS SAROJ KHAPARDE: I think you should take detailed notes of my speech. In fact I am happy that you are taking detailed ndtes of my speech.

संसद् के इतिहास में ऐसी विषम परिस्थितियों में यह पहला अधिवेशन हो रहा है। मेरे पूर्व वक्ताओं ने काफी कुछ पंजाब और हरियाणा के बारे में कह दिया है। उन्हीं बातों को दोहराने में मैं सदन का समय नहीं लेना चाहती हूं।

श्रीमन्, आज अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी अलग-अलग खेमों में बैठ कर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं अकाली दल संविधान की धारा 25 को संसद् भवन के सामने जलाने के लिए उत्सुक रहा और उसी समय भारतीय जनता पार्टी ने इसको रोकने के लिए दिल्ली शहर में बन्द का आवाहन दिया था। अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रपति जी की प्रार्थना को भी ठुकरा दिया। मेरी समझ में नहीं आता कि इन दलों ने 1977 से लेकर 1980 तक किस प्रकार मिल कर अपनी सरकार बनाई और किस प्रकार से उस सरकार में बने रहे। अभी तक समझ में नहीं आ रहा है कि उस समय अकाली दल की मांगों का क्या हुआ था। उन पर विचार हुआ था या नहीं यह तो जनता पार्टी ही जाने।

श्रीमन्, देश आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है। श्रीमती इन्दिरा गांधी के बीस-सूत्री कार्यक्रम को सरकार और जनता ने बड़ी लगन के साथ लिया है और उसको इम्प्लीमेंट किया जा रहा है। सरकार के आसपास आप अगर देखें तो आर्थिक कार्यक्रम के सिवाय कुछ और नजर नहीं आता है। अभी हाल में प्रधान मंत्री ने इस कार्यक्रम के सम्बन्ध में दो महत्वपूर्ण नीति के विवरण दिये हैं। गरीब जनता जो राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम में लगी हुई है उसको गेहूं 1 रुपया 50 पैसे किलो और चावल 1 रुपया 85 पैसे प्रति किलो दिया जायेगा। सरकारी खर्चे को कम करने के लिए प्रधान मंत्री ने सभी मंत्रालयों और विभागों को आदेश दिये हैं। जब ऐसे आर्थिक कार्यक्रम सफल होंगे तो विरोधी दल जनता का रुख दूसरे राजनीतिक विषयों की ओर खींचने की कोशिश करता है जो केवल देश में अव्यवस्था, अराजकता और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देने में मदद करता है। इस समय देश की एकता अत्यन्त भयानक खतरे में पड़ी हुई है और राष्ट्रीय एकता इतनी अनिवार्य है कि जितनी देश की सीमाओं को सुरक्षित रखना। इतिहास साक्षी है कि जब लोग आपस में लड़ते हैं तो विदेशी आक्रमण कर के आपसी फूट का लाभ उठा कर शासन करते हैं। हमें हमारे इतिहास से कुछ प्रेरणा लेनी चाहिए। इन देशद्रोही ताकतों का हमें जम कर मुकाबला करना चाहिए। इसके लिए केन्द्र का मजबूत होना अत्यन्त आवश्यक है। मैं अकाली भाइयों से कुछ पूछना चाहूंगी कि क्या इसी दिन के लिए गुरु अर्जुन देव और गुरु तेग बहादुर और गुरु गोविन्द सिंह और गुरु गोविन्द सिंह के दो मासूम बच्चों ने अपना बलिदान किया था? और इतना ही नहीं, आज पंजाब में जो आग लगी

[कुमारी सरोज खापर्डे]

है वह सारे विभागों में तो फैली ही है लेकिन हरियाणा में भी, वहां के शहरों तक वह आग फैल चुकी है । इन राज्यों के लोग अपने को विदेशी समझने लगे हैं । त्रिपक्षीय वार्ता के लिए जब एक परिस्थिति बन चुकी थी तो उस समय हिन्दू सुरक्षा समिति द्वारा आयोजित बन्द की क्या आवश्यकता थी । इन दंगों में केवल निर्दोष व्यक्ति ही मारे जाते हैं चाहे वे हिन्दू हों या सिख । समाज विरोधी तत्व इन दंगों में कई बार आ पड़ते हैं । देश की जनता गरीबी की रेखा से ऊपर उठने का प्रयास कर रही है । पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण विकास में अद्भुत प्रगति हो रही है परन्तु विश्व के कुछ देश भारत की प्रगति को बर्दाश्त नहीं कर पाते और हमारे बारे में झूठा प्रचार करते हैं जैसे कि मैं सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगी कि "डेली" नाम का एक पत्र जो बम्बई से प्रकाशित होता है उसके फरवरी 24, 1984 के अंक में जो कुछ छपा है उस ओर मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी । हमारे देश के बारे में विदेश में किस तरीके का अप-प्रचार होता है उसे आप देखें । इसमें कहा गया है कि :—

"Bombay skyscrappers in the background, filthy, dingy lanes, stray dogs, cats and old women searching for food. The only good building in India shown in the film was the Parliament House where MPs land in auto-rikshaws and Mrs. Gandhi in a car."

तो इस प्रकार की जो बातें गुमराह करने वाली विदेशों के टी वी में दिखाई जाती हैं इससे हमें क्या दिखलाई पड़ता है । इस से हमें यह दिखलाई पड़ता है कि हिन्दुस्तान का नक्शा विदेशी टेलीविजन में किस तरह से गंदे तरीके से दिखाने की कोशिश की जाती है और हमारे देश को किस तरीके से गंदा कर के लोगों के मनों में गलत बातें फैलाने की, डालने की कोशिश की जाती है । इस झूढे प्रचार से विदेशों में हम क्या देखते हैं कि एक तरफ तो विदेशों में यह झूठा प्रचार होता है और देश के लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो रहे है । ऐसी हालत में देश की एकता कब तक सुरक्षित रह सकती है । इसकी इज्जत और आबरू का उत्तरदायित्व हम और आप सब पर है और इस बात को अकाली दल, भारतीय जनता पार्टी, हिन्दू सुरक्षा समिति और दूसरे राजनीतिक दल सब अच्छी तरह से जानते हैं । श्रीमन्, विदेशों में भारत की शक्ति का सभी को आभास है और वे शक्तियां इस देश को शक्तिशाली और सम्पन्न नही देख सकती हैं । भारत विरोधी नीति को प्रोत्साहित किया जाता है । अब तो हमारे राजनयिकों पर भी आक्रमण होने लगा है ; बरमिंघम में हमारे राज नयिक रवीन्द्र मैत्रा की जो दर्दनाक हत्या कर दी गई है काश्मीर लिबरेशन फ्रंट द्वारा, तो यह संगठन इंग्लैण्ड और दूसरे कुछ देशों में काम कर रहा है भारत के खिलाफ। इंग्लैण्ड की पुलिस अपनी व्यवस्था के लिए प्रसिद्ध है परन्तु वहां पर मैत्रा के हत्यारे का पुलिस अभी तक पता नही लगा सकी है और वह किसी निष्कर्ष पर नही पहुंच सकी है । इससे साबित होता है कि इंग्लैंड के कुछ लोग भारत विरोधी तत्वों के साथ मिले हुए है, उनके साथ गठजोड़ किए है । कुछ देशों में खालिस्तान के नाम पर भारत विरोधी प्रचार किया जा रहा है । विरोधी शक्तियों और भारत विरोधी तत्वों और देश में घोर गरीबी और उग्रवादी आतंक, इन सब शक्तियों का हमें मिल कर मुकाबला करना चाहिए । यदि देश कमजोर होगा तो देश की एकता निश्चित ही खतरे में पड़ जाएगी । देश किसी भी विदेशी शक्ति का सामना करने के

लिए असमर्थ सिद्ध हो सकता है । ऐसी स्थिति में टोहड़ा, लौंगोवाल, बादल और तलवंडी क्या सिक्ख भाइयों और भारत की सुरक्षा कर सकेंगे ! मुझे इसमें संदेह नहीं है कि वे भी अच्छी तरह से जानते हैं कि बागडोर उनके हाथ से निकल चुकी है और ऐसे तत्वों के हाथ में जा चुकी है जिनको संभालने में वे भी असमर्थ हैं। मैं इस अवसर पर मास्टर तारा सिंह और संत फतेह सिंह को प्रणाम करती हूं कि सरकार में मतभेद होते हुए भी उनके सशक्त लोकप्रिय नेतृत्व में पंजाब में कभी ऐसा वातावरण नहीं फैला । अकाली नेतृत्व को इन नेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए और इस आतंक को शीघ्रता से समाप्त करना चाहिए ।

श्रीमन्, मैं सदन का कुछ और बातों की तरफ ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगी । हमारे देश में कई ऐसे लोग हैं जो सिर्फ भारत को तोड़ने के लिए काम करते हैं जोडने का काम नहीं करते हैं । जोड़ने में बहुत कम लोग लगे हुए हैं । पिछले डेढ़ वर्षों में भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में बड़ी ख्याति प्राप्त की है । 1982 में एशियाई खेलों का आयोजन, 1983 में गुट निरपेक्ष सम्मेलन और 1984 में राष्ट्रमंडलीय देशों का सम्मेलन नई दिल्ली में हुआ । विदेशी प्रतिनिधियों ने स्वयं देखा है कि भारत में कितनी क्षमता है और शक्ति है कि इन महान सम्मेलनों को वह सम्पन्न कर सकता है । श्रीमती इंदिरा गांधी गुटनिरपेक्ष देशों की चेयर-परसन घोषित की गईं । यह सम्मान इंदिरा गांधी को नहीं बल्कि सारे देश की जनता को प्राप्त हुआ है । यह कोई कम उपलब्धि नहीं है जिससे आप इंकार नहीं कर सकते ।

श्रीमन्, आर्थिक क्षेत्र में मूलभूत परिवर्तन हो गए हैं। बेरोजगारी को दूर करने के लिए जो लक्ष्य हैं उनके कार्यक्रम हमारी सरकार ने घोषित किए हैं। 15 अगस्त 1983 को प्रधान मंत्री ने बेरोजगारी को दूर करने के लिए एक कार्यक्रम दिया है। इन सब उपलब्धियों के कारण अगर सही पूछें तो विरोधी दल घबराया हुआ है और वे ऐसे समय पर कान्क्लैव का गठन कर रहे हैं जिससे कि देश में तनाव, अशान्ति और अराजकता पैदा की जा सके। विरोधी शक्तियां और समाज विरोधी तत्व उससे फायदा उठा रहे हैं। 27 फरवरी को बंगला साहब गुरुद्वारे के पास संविधान को जलाया गया तो ऐसे अवसर पर विदेशी समाचार पत्रों के संवाददाता किस प्रकार उस प्रदर्शन को देखने के लिए टूट पड़े विदेशों में उसका किस प्रकार प्रदर्शन किया गया इसको आप अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं । इससे देश की एकता और विश्वास को किस प्रकार आघात पहुंचेगा और हमारा मनोबल किस प्रकार से कमजोर होगा इसको हमें और आपको याद रखना चाहिए और उसके लिए समुचित कदम उठाने चाहिए। प्रगति में इस प्रकार की बाधाएं जो होती रहती हैं उनसे अलग रहना चाहिए। प्रजातंत्र का मूल सिद्धांत सर्वदा कायम रखने के लिए हर राजनीतिक दल को सत्तारूढ़ कांग्रेस और उसकी सरकार और प्रधान मंत्री के हाथ मजबूत करने चाहिए, उनको अटूट विश्वास देना चाहिए । यह प्रजातन्त्र के लिए हितकर ही नहीं होगा बल्कि अनिवार्य भी होगा ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर रखे गए धन्यवाद के प्रस्ताव का समर्थन करती हूं।

श्री मोर्जा इर्शादबेग एयुबबेग (गुजरात) : मान्यवर, उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति के भाषण पर श्री भारद्वाज जी द्वारा आधार प्रस्ताव के समर्थन में मैं यह कहना चाहता हूं कि चल सके ऐसी

[श्री मीर्जा इर्शादबेग एयुबबेग]

सरकार के लिए जनता ने जो आकांक्षाएं रखी थीं उसको इस सरकार ने अपने कार्य द्वारा सिद्ध किया, स्वावलम्बन, आत्मनिर्भरता और विकास की दिशा में अनेक अवरोधों एवं कठिनाइयों के बावजूद स्पष्टरूप से आगे कदम किया है। शासन की समय अवधि में उसको चरितार्थ करने का भरसक प्रयास किया है जिसका प्रतिबिम्ब राष्ट्रपति जी ने दिया है। राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में जो बातें कहीं हैं इससे बिलकुल साबित हो जाता है कि इस सरकार ने विकास की दिशा में क्या-क्या कदम लिये हैं। मैं विपक्षी दलों के मित्रों से यह कहना चाहूंगा कि क्या कृषि उत्पादन के क्षेत्र में 9 प्रतिशत की वृद्धि, सिचांई में 23.4 लाख हेक्टेयर की जो बढ़ोतरी हुई है, कोल और बिजली का उत्पादन, खनिज तेल जो 82-83 में 21.6 लाख टन से अब 260 लाख टन जाने को पहुंचा है, औद्योगिक विकास के क्षेत्र में विकास दर की मात्रा में 4.5 परसेंट होने को जा रही है, इसी दिशा में सरकार ने अलग-अलग विषयों को लेकर, विभिन्न राज्यों को लेकर नो इंडस्ट्री डिस्ट्रिक्ट और उसकी प्रगति के लिए, उसके विकास के लिए जो कदम सरकार ने लिये हैं क्या यह प्रगति का द्योतक नहीं है। राष्ट्रीय उत्पादन विकास को दर में 6 से 7 परसेंट की जो बढ़ोतरी हुई क्या यह गर्व दिलाने की बात नहीं है। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ एक्सटेंडेड फंड एंड फेसेलीटी के अधीन और अधिक धन न लगाने का निर्णय हमारी आत्मनिर्भरता की दिशा में क्या अभिनन्दनीय कदम नहीं है? इसके लिए मैं सरकार को अभिनन्दन देना चाहूंगा।

32 लाख शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के परिवारों तथा अन्य 60 लाख परिवारों को 2253 करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत जो सहायता दी और 600 करोड़ की रोजगार गारण्टी स्कीम तथा शिक्षित बेरोजगार ढ़ाई लाख युवकों की सहायता, युवकों के भविष्य को उज्जवल बनायेगी।

मैं याद दिलाना चाहूंगा कि हमारी पार्टी के महामंत्री श्री राजीव गांधी का नाम लिया जाता है मैं कहना चाहूंगा कि हमारी पहली राजनीतिक पार्टी ऐसी है जिसने अपनी पार्टी से जोड़े हुए लाखों नवयुवकों को बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत, ग्रामीण विकास के जो कार्यक्रम दिये हैं उन कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए लगाया है। पहली बार एक रचनात्मक ढ़ंग से राजनीतिक दल ने काम किया है।

मद्रास परमाणु बिजली केन्द्र से 200 मेगावाट बिजली का उत्पादन देश के विकास में एक नया इजाफा है। नई स्वास्थ्य नीति के अन्तर्गत असाध्य रोगों के सामने प्रतिकार के लिए एक अभिनन्दनीय कदम है। हाल ही में विटामिन की दवाइयों के दाम गिराये गये और इसके साथ साथ टी० बी० दवाइयों के दाम भी, टी० बी० उन्मूलन के लिये गिराये गये हैं। इसके लिए मैं अभिनंदन करना चाहता हूं।

आज देश में, विदेश में लन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भी प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के कार्यक्रमों की वजह से हिन्दुस्तान का मस्तिष्क ऊंचा हुआ है। देश की गरिमा जो बढ़ी है वह भी इन्ही की की वजह से बढ़ी है। मैं अपने विपक्षी दलों के मित्रों से कहना चाहता हूं कि क्या हम इस बात को पीछे छोड़ देंगे कि हाल ही में जनसंख्या पुरस्कार यू०एन०ओ० ने

